फर्द अहकाम

(नियम–26)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (जिला कलक्टर) चितौड़गढ़ (राज0)

श्री मनोज अग्रवाल पिता स्व. रामलाल अग्रवाल निवासी शिव मंदिर के पास, फतहनगर–313205

बनाम

कार्यालय जिला कार्यक्रम समन्वयक ई. जी. एस. चित्तौड़गढ़

किस्म प्रकरण अपील सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

प्रकरण संख्या 61/2020

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
17/07/20	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत अपीलार्थी श्री मनोज अग्रवाल पिता स्व. श्री रामलाल अग्रवाल निवासी शिव मंदिर के पास, पुराना बाजार, फतहनगर द्वारा सूचना प्राप्ति हेतु एक आवेदन दिनांक 09.05.2020 को जिला कार्यक्रम समन्वयक, ई. जी. एस., चित्तौड़गढ़ को प्रस्तुत किया। जिला कार्यक्रम समन्वयक, ई. जी. एस. चित्तौड़गढ़ द्वारा प्रार्थी को उक्त आवेदन पत्र से चाही गई सूचनाऐं उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील इस कार्यालय को प्रस्तुत की गई है। यहां यह उल्लेखनीय है कि यह कार्यालय लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) का अपीलीय प्राधिकारी होकर लोक सूचना अधिकारी/सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत निर्धारित अवधि में सूचना उपलब्ध नही कराने पर ही अपील ग्रहण करता है। अपील के साथ संलग्न सूचना के अधिकार के तहत प्रस्तुत आवेदन के अवलोकन से स्पष्ट है कि उक्त आवेदन जिला कार्यक्रम समन्वयक, ई. जी. एस., चित्तौड़गढ़ को सम्बोधित है एवं चाही गई सूचनाएं भी जिला परिषद (नरेगा), चित्तौड़गढ़ से संबंधित है जो कि पंचायती राज विभाग का विषय है। जिला कार्यक्रम समन्वयक, ई. जी. एस., जिला परिषद, चित्तौड़गढ़ के विरूद्ध प्रस्तुत अपील पर इस कार्यालय द्वारा सुनवाई की सक्षमता/क्षैत्राधिकार नहीं है। अतः अपीलार्थी को संबंधित अपीलीय प्राधिकारी (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, चित्तौड़गढ़) के यहां अपील प्रस्तुत करने के परामर्श के साथ अपील निस्तारित की जाती है। निर्णय की प्रति संबंधित को प्रेषित की जावे। (... शर्मा) लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर चित्तौड़गढ़	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official